# खरीदी ठप होने पर किसानों का चक्काजाम

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कलेक्टर को फोन कर जताई नाराजगी, हम्मालों की हड़ताल से ठप रही खरीदी, गर्मी में परेशान किसान

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. कृषि उपज मंडी में हम्मालों की हड़ताल के चलते खरीदी पूरी तरह ठप रही, जिससे नाराज किसानों ने मंडी के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया. इसी दौरान छतरपुर की ओर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का काफिला वहां से गुजरा, जिसे किसानों ने रोक लिया और अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखीं.**

किसानों की परेशानी सुनते ही पटवारी ने मौके से ही कलेक्टर संदीप जी.आर को फोन लगाकर मंडी की अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने तत्काल खरीदी शुरू कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसान पिछले तीन-चार दिनों से परेशान हैं और प्रशासन स्थिति पर ध्यान नहीं दे रहा है. पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि शाम 7 बजे तक समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे दोबारा मंडी पहुंचेंगे. पटवारी ने कलेक्टर से फोन पर कहा, कलेक्टर साहब, जीतू पटवारी बोल रहा हूं, मंडी में किसान कई दिनों से परेशान हैं. क्या आपको इसकी जानकारी नहीं है? सागर मंडी में सब कुछ बिकता है, लेकिन किसान की फसल नहीं बिक पा रही, किसान गर्मी में परेशान हो रहा है और प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है, आप खुद मौके पर आएं और व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं. उन्होंने फोन मंडी अधिकारी को सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए.



मंडी में खरीदी बंद होने से आक्रोशित किसानों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम किया. किसानों का कहना था कि वे कई दिनों से अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हड़ताल के कारण कोई सुनवाई नहीं हो रही, तेज गर्मी में खुले में बैठने को मजबूर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई. किसानों को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि यह लड़ाई किसी पार्टी की नहीं, बल्कि किसानों के हक और उनके पेट की है. उन्होंने सरकार के किसानों की आय बढ़ाने के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में संसद में केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा किसानों की आय कई गुना बढ़ने की बात कही गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है. उन्होंने किसानों से पूछा कि क्या उनकी आय बढ़ी है? जब किसानों ने इनकार किया, तो पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में किसानों की स्थिति को लेकर गलत तस्वीर पेश की जा रही है. पूरे घटनाक्रम ने मंडी व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं. किसानों की मांग है कि जल्द से जल्द खरीदी प्रक्रिया सुचारु की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान और परेशानियों से राहत मिल सके. वहीं किसानों द्वारा चक्काजाम करने से यातायात भी प्रभावित हो गया था.

# लक्ष्य बड़ा रखें सफलता अवश्य मिलेगी : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. लक्ष्य बड़ा रखें सफलता अवश्य मिलेगी, धैर्य, संकल्प और मेहनत से पढ़ाई करें, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि धैर्य और कड़ी मेहनत ही व्यक्ति को शिखर तक पहुँचाती है. उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी.आर ने नयाखेड़ा स्थित शासकीय विद्यालय पहुंचकर संवाद के दौरान व्यक्त किए.**

कलेक्टर ने नयाखेड़ा शासकीय विद्यालय का दौरा कर छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया. कलेक्टर ने बच्चों से पूछा, बड़े होकर क्या बनोगे? बच्चों ने पूरी निर्भीकता के साथ डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और शिक्षक बनने की अपनी इच्छा जाहिर की, जिस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके ऊंचे सपनों की सराहना की. कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते और मार्गदर्शित करते हुए कहा कि, हमें किसी भी परीक्षा से डरना नहीं है, लक्ष्य बड़ा रखें सफलता अवश्य मिलेगी. धैर्य के साथ पढ़ाई करें, कोई भी परीक्षा कठिन नहीं होती और मेहनत का कोई विकल्प नहीं. कलेक्टर ने नयाखेड़ा शासकीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिक्षकों को निर्देश दिये. कलेक्टर ने शिक्षकों से कक्षा संचालन, उपस्थिति पंजीकरण तथा बच्चों की प्रगति पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की. उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षक बच्चों की व्यक्तिगत क्षमताओं के अनुरूप शिक्षण विधि अपनाएं तथा नियमित मूल्यांकन सुनिश्चित करें. साथ ही, विद्यालय में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय सुविधा तथा खेलकूद सामग्री की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा. उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक समेत समस्त स्टॉफ विद्यालय खुलने के लेकर बंद होते तक उपस्थित रहना सुनिश्चित करें. इस अवसर पर एसपी विकास शाहवाल, जिपं सीईओ विवेक केवी, एसडीएम अमन मिश्रा, भारती निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.






# अधिवेशन के सहयोगी सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन मे सहयोगियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.**

पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा जैन ने स्वागत भाषण दिया. अधिवेशन समितियों के सुनीता अरिहंत, मीना प्रधान, ममता जैन, साक्षी सराफ को सम्मानित किया. इस दौरान श्रशकुंतला जैन, निधि जैन, नूतन नाहर, विद्या चौधरी, दीप्ति चंदेरिया, ऋचा शाह, आशा सेठ, संध्या राधेलिया, अलका जैन, शिवानी सिंघई, अंजलि गोदरे, कल्पना जैन, संध्या जैन, सारिका जैन, मंजरी जैन, प्रिया जैन, नीलम जैन मौजूद थीं.

## वार्डों की जिम्मेदारी दी

**सागर.** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं स्टार रेटिंग एवं वॉटर प्लस को दृष्टिगत रखते हुये, नगर के 48 वार्डों में स्वच्छता गतिविधियों की निगरानी एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों को संपादित कराने हेतु सभी अधिकारियों को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक वार्डों में भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं. निगमायुक्त ने कहा कि शहर में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के साथ ही नगर में विशेष सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा.

# प्रवास, संवाद और संपर्क से कार्य विस्तार करें

नवभारत न्यूज

**खुरई 9 अप्रैल. पार्टी के कार्य विस्तार का मूल मंत्र प्रवास, संवाद और संपर्क है. इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों को अपने कार्यक्षेत्र के बड़े ग्रामों में प्रतिमाह आसपास के सात-आठ ग्रामों के कार्यकर्ताओं को बुलाकर एक दिवसीय बैठकें आयोजित करना चाहिए, जिनमें श्रमदान, सेवाकार्य, टिफिन बैठकें, ग्राम संपर्क जैसे कार्यक्रम पाँच-छह घंटों में चलें, ऐसी प्रत्येक बैठक में मैं स्वयं अपनी उपस्थिति दूंगा.**

यह मार्गदर्शन पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के षष्ठम सत्र में वर्ग अतिथि वक्ता के रूप में कार्य विस्तार की दृष्टि विषय पर उद्बोधन में दिया. श्री सिंह ने कहा कि देश में भाजपा ही ऐसा राजनीतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं के निर्माण के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है. इन वर्गों में अनुशासित, चरित्रवान और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है.




# डॉ सीरोठिया किए गए सम्मानित




नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को भोपाल में आयोजित आईएमए की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक में एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है.**

यह सम्मान आई. एम. ए. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बीएम शरणागत, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम.के.जैन प्रदेश सचिव डॉ दीपक साहू द्वारा प्रदान किया गया. उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व डॉ सीरोठिया को प्रदेश आई. एम. ए. के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है. इस अवसर पर डॉ हरियाणी इंदौर, डॉ अरविंद जैन मौजूद थे.

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों का हुआ प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. लोक शिक्षण संचालनालय के बहुचर्चित विसंगतिपूर्ण टीईटी परीक्षा संबंधित आदेश का स्वीडिश मिशन प्रांगण में विरोध एवं धरना प्रदर्शन किया गया.**

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक आलोक गुप्ता एवं शैलेन्द्र सिंह गंभीरिया ने बताया कि शासन द्वारा पच्चीस वर्षों की सेवा पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए जो विसंगतिपूर्ण आदेश जारी किया गया है. समस्त जिले से शिक्षक स्वीडिश मिशन स्कूल में एकत्रित हुए और कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ज्ञापन सौंपा और इसी तारतम्य में 11 अप्रैल को सभी ब्लॉकों में एवं 18 अप्रैल को भोपाल में शिक्षक भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे. प्रदर्शन में डॉ राजेंद्र यादव, राम मिलन मिश्रा, धर्मेंद्र दुबे, सुरेंद्र पराशर, बलवंत यादव मुकेश नेमा, राजकुमार कपूर, राकेश राजपूत, राकेश शांडिल्य, चुरामन रैकवार, नरेंद्र उपाध्याय, मनीष माथुर, शरद राजपूत, शशि भूषण तिवारी, कृष्णा साहू, विजय मिश्रा, संध्या साहू, केसर ठाकुर, राजकुमारी ठाकुर मौजूद थे.



# छात्रों ने परीक्षा में रचा इतिहास

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट ऑफ फामिस्यूटिकल साईस के अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित जीपेट में 4 छात्रों का चयन हुआ है.**

अंशिका चौरसिया ने राष्ट्रीय स्तर पर 1233 रैंक, हर्ष नगाइच ने 2240, राजेश अहिरवार ने 8071 और ब्रजेश चढ़ार ने 7471 रैंक हासिल की है. अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित गेट परीक्षा में योगेन्द्र रायकवार ने 1906 रैंक हासिल की. जीपीएटी परीक्षा में चयन होने पर भारत के उच्च संस्थान प्रवेश के साथ-साथ 12400/- की छात्रवृत्ति प्राप्त होती है. उल्लेखनीय है कि सत्र 2025 में 5 छात्र, 2024 में 3 छात्र और 2023 में 2 छात्रों का चयन महाविद्यालय से हुआ था और वह सभी भारत के उच्च संस्थानों में अध्यनरत हैं.

छात्रों की इस स्वर्णिम सफलता पर संस्था है के चेयरमेन संतोष जैन घड़ी, सचिव डॉ. सत्येन्द्र जैन, निदेशक प्रो. संजय के. जैन, प्राचार्य डॉ. अशोक जैन और सभी फार्मेसी संकाय सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना, करते हुए अपेक्षा कि वह दवाओं के क्षेत्र में नवीनतम शोधकार्य करेंगे.

# यूपीएलसी तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में उन्नत अनुसंधान केंद्र के द्वारा अल्ट्रा परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन क्रिमिनोलॉजी और फोरेंसिक साइंस विभाग में किया गया.**

मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सी.ए.आर. में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है. डॉ. विवेक पांडे ने केंद्र के ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी. मुख्य वक्ता प्रो. देवाशीष बोस ने प्रतिभागियों को एप्लाइड साइंसेज के विविध क्षेत्र में क्रोमैटोग्राफी और उन्नत उपकरणों के उपयोग की महत्ता को बताया. डॉ. सोनी चौरसिया ने यूपीएलसी तकनीक के लिए सैम्पल तैयार करने और इस तकनीक के बारे में उदाहरण के साथ बहुत ही बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक जानकारी प्रदान की. यूपीएलसी तकनीक पर संपूर्ण हैंड्स ऑन सत्र सीएआर तकनीकी टीम के डॉ. विवेक कुमार, शिवप्रकाश, सौरभ, आशीष, अरविन्द, चंद्रप्रकाश, रेमाली साई कृष्णा और शोधार्थियों की तकनीकी देखरेख में आयोजित किया गया.



# विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 अप्रैल. नैक ए ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान स्वायत्त कॉलेज महर्रा के कृषि संकाय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र ले गए.**

पशुपालन विभाग के वैज्ञानिक डा.अनुज गौतम ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पशुओं को किस-किस तरह का चारा एवं पोषण देना चाहिए जिससे पशु हृष्ट पुष्ट बने रहे और दुधारू जानवरों के लिए भी विभिन्न तरह के चारे के बारे में विद्यार्थियों को समझाया. संस्थान के विभागाध्यक्ष डा.मुकेशचंद ने भी कृषि विज्ञान के बारे में कई रोचक जानकारियां विद्यार्थियों के बीच साझा की. विद्यार्थियों ने इस कृषि विज्ञान केन्द्र में विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों, फलों के पेड़, औषधीय के पेड़ आदि को सजीव देखा तो विद्यार्थी उत्साहित नजर आए. इस दौरान कृषि संकाय के डा.मायाराम एवं राहुल कुशवाहा ने शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व किया.

इसी के साथ मृदा उर्वरता को बढ़ाने के लिए वर्मी कंपोस्ट के महत्व को समझाया.

## विशेष व्याख्यान 11 को

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के तत्त्वावधान में वर्तमान समय में पत्रकारिता का लोक धर्म विषय पर 11 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे से रंगनाथन सभागार में विशेष व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में देश के प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार, पद्म भूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित श्री राम बहादुर राय का व्याख्यान होगा. उक्त कार्यक्रम में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय की उपस्थिति रहेगी. अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर करेंगे.

कार्यक्रम के निदेशक प्रो. कालीनाथ झा एवं संयोजक डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल है.

# जेल महानिर्देशक ने उपजेल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खुरई 9 अप्रैल. मध्यप्रदेश जेल के महानिर्देशक वरूण कपूर ने खुरई उपजेल का दौरा कर सूक्ष्मता से निरीक्षण किया, सर्वप्रथम उन्होंने परिसर पहुंचकर नवीन ओपन जिम का उद्घाटन किया. इस उद्देश्य से कि जेल के सभी अधिकारी, कर्मचारी शारीरिक स्वस्थता के प्रति जाग्रत रहकर जिम के माध्यम से अपने आपको और परिवार के बच्चों को स्वस्थ रखने का काम करें.**

उन्होंने जेल में कार्यरत प्रहरियों के परिजनों और बच्चों से भेंट कर साथ में चित्रांकन करवाया. उन्होंने मुलाकात कक्ष एंव महिला वैरिक का अवलोकन किया, शायद लोग नहीं जानते हैं कि उपजेल में अधिकांशत: विचाराधीन कैदियों को रखा जाता है, सजायाफ्ता कैदियों को केन्द्रीय कारागार सागर शिफ्ट कर दिया जाता है इसलिए उनके कहे अनुसार कैदियों को अब 15 दिन में घर का भोजन दिया जाएगा. जेल में निरुद्ध रहने वाले आरोपियों से रूबरू रहकर उनका हाल जाना व समस्याओं को सुना. उन्होंने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि जेल में सम्पूर्ण व्यवस्थाएं व्यवस्थित है हां छोटी-छोटी समस्याएं है जिन्हें समय रहते दुरूस्त कर लिया जाएगा. उपजेल के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छोटे स्थानों की जेलों में निरूद्ध रहने वालों और उनसे मुलाकात करने वाले परिजनों को समस्याओं का सामना न करना पढ़े, जेल के बाहर अधूरे निर्माण पर जेलर ब्रिजेन्द्र सिंह ठाकुर से कहा कि इसे नगरपालिका के माध्यम से पूर्ण कराया जाए. उक्त निरीक्षण के अवसर पर एसडीएम मनोज चौरसिया, एसडीओपी प्रवीण अस्थाना, थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह दांगी, ग्रामीण थाना प्रभारी संतोष सिंह दांगी एंव जेल के प्रहरी धर्मेंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.



# संत कबीर वार्ड में जनचौपाल




नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल अभियान के अंतर्गत संतकबीर वार्ड में 13वां शिविर हनुमान मंदिर के पास आयोजित किया गया.**

शिविर में वार्डवासियों ने अपनी समस्याएँ दर्ज कराईं, जिनमें से कई का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए. शिविर में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. सुशील तिवारी, एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, धमेंद्र खटीक, राजकुमार पटेल, श्रीमती कंचन सोमेश जड़िया, श्रीमती संगीता शैलेष जैन, पार्षद प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी को भाजपा का प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट बनाए जाने पर स्वागत किया गया. इस अवसर पर महापौर ने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से न केवल नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया जा रहा है.

# नगर के समग्र विकास के लिए समन्वय आवश्यक

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 9 अप्रैल. नगर परिषद के नवनियुक्त समस्त एल्डरमेनों ने खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निवास पहुंचकर भेंट की. इस अवसर पर सभी एल्डरमेनों ने मंत्री श्री राजपूत का आभार व्यक्त किया.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सभी एल्डरमेन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव के साथ नगर परिषद राहतगढ़ में विकास, स्वच्छता, जनसेवा और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाएंगे. उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का समन्वय आवश्यक है, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. मंत्री राजपूत श्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य कर रही है. सरकार का लक्ष्य हर नगर और गांव को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है. इस अवसर पर नवनियुक्त एल्डरमेनो में सोनू सोनी, पूरनदास पंथी, अनुराग चौरसिया, अर्पित जैन ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी सलीम रंगरेज, सरपंच जगदीश साहू, अंकू चौरसिया, पत्रकार रफीक रंगरेज, विक्की अग्रवाल मौजूद थे.



## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**सागर.** स्वर्गीय पद्मश्री रामसहाय पांडेकी प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. रामसहाय पांडे न केवल एक विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी थे, बल्कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज, संस्कृति एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया. उनके विचारों, कार्यों और मूल्यों ने समाज को एक नई दिशा प्रदान की है. जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा.

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके दिखाए मार्ग को अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की.

# गांधीनगर नई बस्ती में गंदगी का लगा अंबार

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 अप्रैल. गांधीनगर नई बस्ती, वार्ड नंबर 4 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है.**

मोहल्ले के विभिन्न स्थानों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं, जबकि नालियां पूरी तरह चोक पड़ी हैं. हालात इतने खराब हो चुके हैं कि स्थानीय निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है. गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है. मोहल्लेवासियों का आरोप है कि कई दिनों से नियमित सफाई नहीं हो रही है. नगर पालिका के सफाई कर्मचारी समय पर नहीं आते और केवल औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं. इसके चलते सड़कों पर कचरा लगातार जमा हो रहा है और अब वह बड़े ढेर का रूप ले चुका है. नालियों की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है. प्लास्टिक और अन्य कचरे से नालियां जाम हो गई हैं, जिससे जल निकासी पूरी तरह ठप हो गई है. जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.



सागर. समस्त उर्वरक विकेताओं को करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने जिले के सभी उर्वरक विकेताओं को उर्वरक का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही करने के निर्देश दिये. ई-विकास प्रणाली से विक्रय नहीं करने वाले विक्रेताओं पर कार्यवाही की जायेगी.


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्यारेलाल चौरसिया, चौबे गली भगवानगंज सागर का स्थाई निवासी हूँ, यह कि मेरे आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में मेरा नाम पी.एल. चौरसिया पिता बट्टूलाल चौरसिया दर्ज है और मेरे पेन कार्ड मे मेरा नाम प्यारे लाल चौरसिया पिता बट्टूलाल चौरसिया दर्ज है। यह कि प्यारेलाल उर्फ पी.एल. चौरसिया दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है।

सूचनाकर्ता
प्यारेलाल चौरसिया